<u>बिहार लोक सेवा आयोग</u>

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

वित्त विभाग, बिहार के अधीन बिहार लेखा सेवा अन्तर्गत लेखा पदाधिकारी के मूल पद पर (सीमित) प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–09/2018 के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन के तहत प्रतियोगिता परीक्षा के लिए प्रारम्भिक रूप से अर्हित (eligible) एवं अनर्हित (ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजा जाएगा। अनर्हित उम्मीदवारों को कोई आपत्ति हो, तो वे अपना आपत्ति आवेदन पत्र/अभ्यावेदन साक्ष्य/प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ आयोग के ई–मेल bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक–**20.08.2020** तक आयोग को भेज सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता शैक्षणिक योग्यता के कारण अनर्हित की गयी है, वे अपने अभ्यावेदन के साथ ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक–26.12.2018 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ भेजेंगे। उक्त अभ्यावेदन में विज्ञापन संख्या–09/2018, लेखा पदाधिकारी (सीमित) एवं पंजीकरण संख्या (Registration Number) अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। दिनांक–**20.08.2020** के बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारंभिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अंतिम अर्हता के सम्बन्ध में उसके लिए निर्धारित विभिन्न शर्तों की पूर्ण समीक्षा के बाद आयोग द्वारा यथासम्भव अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

4.8.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना